नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 157/2021
Dt-16-4-2021

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
मधुबनी।

विषयः– **लखनौर प्रखंड के ग्राम पंचायत दीप (पश्चिमी) स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय +2 विद्यालय को इंटरमीडियट में नामांकन कोड दिलाने के संबंध में।**

महाशय,

लखनौर प्रखंड के ग्राम पंचायत दीप (पश्चिमी) स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय +2 के 10वी. उतीर्ण छात्राओं के संलग्न आवेदन में वर्णित है कि इस बार वार्षिक माध्यमिक परीक्षा (दसवी.) 2021 में उतीर्ण छात्राएँ इसी विद्यालय से इंटर की पढ़ाई करना चाहती है, क्योंकि इन्हें अध्ययन हेतु 7 कि0मी0 दूर झंझारपुर जाना पड़ेगा। अपने विद्यालय में अध्ययन से समय के साथ–साथ बाहर जाने की परेशानी से छूटकारा मिलेगा।

उक्त विद्यालय का उत्क्रमण 2013–14 में ही किया गया है। इंटरमीडियट की पढ़ाई के लिए विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मेरे तारांकित प्रश्न के उत्तर में बताया गया कि इंटरमीडियट की पढ़ाई की व्यवस्था की जा रही है।

उक्त विद्यालय में इंटरमीडियट में नामांकन हेतु विद्यालय का नामांकन कोड उपलब्ध नहीं कराने से छात्राओं का नामांकन नहीं लिया जा रहा है।

अतः उक्त विद्यालय में इंटरमीडियट में नामांकन हेतु नामांकन कोड निर्गत करने की कार्रवाई करना चाहेंगे, ताकि छात्र–छात्राओं का नामांकन हो सके।

शुभकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra
(नीतीश मिश्रा) 16·4·21

संलग्न–(1.)छात्राओं के आवेदन पत्र
(2.)तारांकित प्रश्न के उत्तर की छायाप्रति।

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in